# उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, जबलपुर

## निविदा सूचना

समस्त अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वर्ष 2017–18 के लिये आवश्यकतानुसार मेप्लीथो पेपर (Size 51 x 75 cm = 80 GSM) एवं आर्ट पेपर (Size 58.5 x 91 cm = 135 GSM) क्रय किया जाना है, जिसके लिये निर्धारित शर्तो के अधीन मोहरबंद निविदायें दिनांक 24–10–2017 की अपरांह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्त एवं वाछिंत सामग्री की विस्तृत जानकारी उच्च न्यायालय की वेबसाईट WWW.mphc.gov.in एवं WWW.tenders.gov.in पर भी उपलब्ध है।

रजिस्ट्रार जनरल

# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयः जबलपुर

क्रं.रजि.(प्रशा.)/6-6659/ R.D.        दिनांकः 04/10/17

## निविदा फार्म

## मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मुख्यपीठ, जबलपुर हेतु मेपलिथो पेपर एवं आर्ट पेपर की आपूर्ति

निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथि : 24–10–2017, अपरांह 3.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि : 24–10–2017, अपरांह 4.00 बजे

निविदा–कर्ता का नाम एवं पता : ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

डिमाण्ड ड्राफ्ट क्रं.........................................दिनांक.........................राशि रूपये 500/–

(निविदा दस्तावेज की लागत)

निविदा–कर्ता की सील एवं हस्ताक्षर

# उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, जबलपुर

## नियम एवं शर्ते

वर्ष 2017 हेतु मेप्लीथो पेपर (Size 51 x 75 cm = 80 GSM) एवं आर्ट पेपर (Size 58.5 x 91 cm = 135 GSM) क्रय किये जाने हेतु सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो इस कार्यालय में दिनांक 24–10–2017 को अपरान्ह 3.00 बजे तक पहुँच जावे।

1. निविदा हेतु निविदा दस्तावेज, हमारी वेबसाईट www.mphc.gov.in एंव www.tenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. निविदाकर्ता को अपनी निविदा के साथ रूपये 500/– का डिमांन्ड ड्राफट जो कि रजिस्ट्रार जनरल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के पक्ष में देय होगा, निविदा दस्तावेज की लागत के रूप में संलग्न करना होगा। यह राशि किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगी।
3. सील बंद निविदायें रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश जबलपुर के नाम से दिनांक 24–10–2017 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। नियत दिनांक एवं समय के पश्चात निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक द्वारा प्रस्तुत निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
4. लिफाफे पर स्पष्ट रूप से मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर प्रदाय हेतु निविदा लिखा होना चाहिये।
5. यदि निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथी अथवा निविदा खुलने की तिथी को अवकाश घोषित होता है तो वह निविदा अगले कार्यदिवस पर

खोली जावेगी।

6. आदेशानुसार मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर उच्च न्यायालय कक्ष तक पहुँचाने का समस्त उत्तर दायित्व निविदाकार का होगा।
7. निविदा में मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर किस कम्पनी द्वारा निर्मित है सामग्री का साईज नाप, तौल आदि जो निविदा में दिया गया है, अंकित करना अनिवार्य है, एवं नमूना संलग्न कर नमूना सामग्री पर निविदाकर्ता की/फर्म की सील होना अनिवार्य है।
8. निविदाकार उनके द्वारा दी गई मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।
9. सफल निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय किया जाने वाला मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर अनुमोदित अनुसार ना होने की दशा में उक्त पेपर को निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा अनुमोदन अनुसार उक्त पेपर निर्धारित अवधि में प्रदाय करना होगा।
10. मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर को प्रदाय करने का आदेश प्राप्त होने पर सात दिवस के अन्दर उक्त पेपर प्रदाय करना होगा।
11. निविदा की दरों की वैधता अनुमोदन के पश्चात वित्तीय वर्ष 2017—18 अथवा अनुमोदित दिनांक से 01 वर्ष के लिये मान्य होगी।
12. निविदाकार, वाणिज्यकर विभाग से पंजीयन होने का जीवित प्रमाण—पत्र की छाया प्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है, उस पर कोई कर बकाया नहीं हैं, स्पष्ट करें।
13. निविदाकारों को सुरक्षा निधि के रूप में 50,000/— की ई0एम0डी0 छः माह के लिये एवं परफॉर्मेंस बैंक गैरेन्टी 10 प्रतिशत निविदा मूल्य का

01 वर्ष अवधि के लिये देय रहेगी। सुरक्षा निधि (ई0एम0डी0) बैंक गारन्टी अथवा डी0डी0 के रूप में स्वीकार होगी।

14. किसी भी शर्त के भंग होने पर रजिस्ट्रार जनरल को अनुबंध निरस्त करने का अधिकार होगा। तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी। तथा नियम एवं शर्तो पर रजिस्ट्रार जनरल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर का निर्णय अंतिम माना जावेगा।

15. मेप्लीथो पेपर एवं आर्ट पेपर की दरें समस्त करों, शुल्क, भाडा व आकस्मिक प्रभार सहित दी जावे।

16. शासन द्वारा जी0एस0टी0 अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

17. शशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।

18. निविदा का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुद्राकिंत होना चाहिये।

19. निविदाकर्ता द्वारा यह उल्लेख करना आवश्यक है कि वह या तो अधिकृत विकेता है या निर्माता है।

20. सभी निविदाकर्ता को निविदा दस्तावेज के साथ प्रदाय की जाने वाली सामग्री का नमूना संलग्न कर निविदा प्रेषित करना होगा।

21. यदि सफल निविदाकर्ता निविदा में उल्लेखित नियम एवं शर्तो को पूर्ण करने में असफल रहता है ऐसी अवस्था में निविदाकर्ता की जमा राशि जप्त कर निविदा की मंजूरी रदद की जावेगी तत्पश्चात अगले सफल निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार किया जावेगा।

22. निविदाकर्ता को निविदा के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की कमांनुसार सूची निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।

23. निविदाकारों को निविदा फार्म में संलग्न "**<u>प्रपत्र अ</u>**" के अनुसार जानकारी भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

24. रजिस्ट्रार जनरल को यह अधिकार होगा कि, वे बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदाओं को अस्वीकार करने के लिये सशक्त होगे।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील**

प्रपत्र – अ

## PRICE DETAILS

| S. No. | NAME OF THE ARTICLES | BRAND NAME | BASIC VALUE | TAXES/ GST | TOTAL | REMARK (If any) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 (4+5) | 7 |
| 1. | **Maplitho Paper** (size 51x75 cm = 80 GSM). | | | | | |
| 2. | **Art Paper** (size 58.5x91 cm = 135 GSM) | | | | | |
| | | | | **Total Price Rs.** | | |

Signature & Seal of the Bidder